

# दो दिन में ऑस्ट्रेलिया विजयी

## हेड-लाबुशेन की साझेदारी से आसान हुआ लक्ष्य, ऑस्ट्रेलिया 1-0 से आगे

**पर्थ, 22 नवंबर पहले एशेज टेस्ट में गेंदबाजों और बल्लेबाजों की आक्रामक परफॉर्मेंस से भरपूर मुकाबले का नतीजा दूसरे दिन ही निकल गया, जब ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को आठ विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। मैच का असली आकर्षण ट्रैविस हेड की तूफानी बल्लेबाजी रही, जिन्होंने मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद मात्र 83 गेंदों में 122 रनों की शानदार और प्रभावी पारी खेलते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।**

**32** विकेट गिरे दो दिन में पहले एशेज टेस्ट में

**4** विकेट झटके स्कॉट बोलैंड ने 33 रन देकर

**3** विकेट लिए स्टार्क ने 55 रन खर्च कर



दो दिनों में मात्र 32 विकेट गिरे और इस मुकाबले ने साबित कर दिया कि एशेज में रोमांच और अनिश्चितता हमेशा चरम पर रहती है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 172 रन बनाए थे और ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 132 पर सिमटने के बाद मेहमान टीम को 40 रनों की बढ़त मिल गई थी। लेकिन बढ़त को बड़ा रूप देने की जगह इंग्लैंड की बल्लेबाजी दूसरी पारी में और भी बिखर गई तथा टीम 34.4 ओवर में 164 रन ही बना सकी। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया के सामने 205 रनों का लक्ष्य था। यह लक्ष्य देखने में छोटा लग सकता था, लेकिन विकेट की स्थिति और दो दिनों में इतने विकेट गिरने के बाद यह स्कोर चुनौतीपूर्ण माना जा रहा था। इस चुनौती के बीच ट्रैविस हेड न केवल क्रीज पर टिके बल्कि आक्रमण की राह चुनी और शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने चौकों और छक्कों की बरसात करते हुए 16 चौके और चार छक्के जड़े। हेड की इस पारी की खास बात यह रही कि उन्होंने परिस्थितियों को चुनौती मानते हुए हर ढीली गेंद को सज़ा दी और इंग्लिश गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। दूसरे छोर पर मार्नस लाबुशेन ने संयमित और समझदारी भरी पारी खेलते हुए 49 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाए।

### हेड ने लगाया टेस्ट कॅरियर का 10वां शतक

ट्रैविस हेड ने परिस्थिति को सहजता से समझते हुए उसी अंदाज में बल्लेबाजी की जो मैच की मांग थी। उनका यह शतक टेस्ट करियर का 10वां शतक साबित हुआ और इस पारी ने न सिर्फ मैच जीतने में अहम भूमिका निभाई बल्कि उनकी मानसिक मजबूती और आक्रामकता का भी सबूत दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की एशेज सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड के लिए यह हार निराशाजनक रही क्योंकि पहली पारी की बढ़त लेने के बाद उनके बल्लेबाज जिम्मेदारी नहीं निभा सके और टीम कमजोर साबित हो गई।

# भारतीय गेंदबाजों ने पहले ही दिन मैच का रुख बदला

**गुवाहाटी, 22 नवंबर भारतीय गेंदबाजों ने शनिवार को दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की मजबूत शुरुआत को रोककर मैच का रुख बदल दिया। पहले सेशन में दक्षिण अफ्रीका ने बिना किसी परेशानी के रन जुटाए लेकिन तीसरे सेशन में कुलदीप यादव (तीन विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने लगातार प्रहार कर मेहमान टीम को 247 रन पर छह विकेट तक सीमित कर दिया।**

**कुलदीप ने बदली तस्वीर**
**बुमराह ने दिलाई पहली सफलता**
**खराब रोशनी ने रोका खेल**





खराब रोशनी के कारण खेल समय से पहले रोक दिया गया और दिन का अंत सेनुरन मुथुसामी (नाबाद 25) और काइल वेरेन (नाबाद एक) के साथ हुआ। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए एडन मारक्रम और रायन रिकलटन ने धैर्यपूर्ण शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 82 रनों की अहम साझेदारी की। भारतीय गेंदबाज शुरुआत में स्विंग निकालने और नियंत्रण बनाने को लेकर संघर्ष करते दिखाई दिए। जसप्रीत बुमराह की पहली सफलता 27वें ओवर में आई जब उन्होंने एडन मारक्रम को बोल्ड कर भारत को ब्रेकथ्रू दिलाया। मारक्रम ने 81 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 38 रनों की पारी खेली और पारी को मजबूत आधार दिया। मारक्रम के आउट होने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के रन बनाने की गति पर कोई खास असर नहीं पड़ा। रिकलटन ने भी अपनी पारी को सधे हुए अंदाज में आगे बढ़ाया। चायकाल से ठीक पहले बुमराह ने दबाव बनाया और फिर सही लाइन-लेंथ पर गेंद डालते हुए उन्हें बोल्ड आउट किया। उस समय दक्षिण अफ्रीका अच्छी स्थिति में दो विकेट पर 156 रन बनाकर खेल रही थी। चायकाल के बाद की शुरुआत भारत के लिए यादगार रही जब पहले ही ओवर में कुलदीप यादव ने रायन रिकलटन को आउट कर भारतीय टीम की वापसी की नींव रखी। रिकलटन ने 82 गेंदों में पांच चौके लगाए और 35 रन बनाए। उनकी विकेट गिरने के बाद कप्तान टेम्बा बावुमा और ट्रिस्टन स्टब्स ने संयम से खेलते हुए तीसरे विकेट के लिए 84 रन की उल्लेखनीय साझेदारी की और भारतीय गेंदबाजों के लिए चिंताएं बढ़ा दीं। भोजनकाल के बाद भारत ने आक्रामक और अनुशासित गेंदबाज़ी की रणनीति अपनाई। 58वें ओवर में रवींद्र जडेजा को सफलता मिली जब उन्होंने टेम्बा बावुमा को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच करवाया। बावुमा ने 92 गेंदों में पाँच चौकों की मदद से 41 रन बनाए। उनके आउट होने के साथ ही भारतीय गेंदबाज़ों को आत्मविश्वास मिला और गेंदबाज़ी आक्रमण ने दबाव बनाना शुरू किया।

### भारत को अपने प्रदर्शन से खुश होना चाहिए



पूर्व भारतीय स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा है कि भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन अपने प्रदर्शन से खुश होना चाहिए। मुझे खुशी है कि लंच के बाद भारतीय बॉलर्स ने लगातार दबाव बनाया, जिससे जल्दी विकेट गिरे, जिससे सेशन में छह विकेट लेना एक असली लक्ष्य बन गया। इस तरह की चैलेंजिंग पिच पर रन बनाना आसान नहीं रहा है, और भारत ने कोई भी ढीली गेंद नहीं फेंकी। इस डिसिप्लिन्ड बॉलिंग ने भारत को वे विकेट लेने का असली मौका दिया। कुल मिलाकर, भारत आज अपने परफॉर्मेंस से काफी खुश होना चाहिए।

### आखिरी क्षणों में दो विकेट गंवाने से निराश होगा दक्षिण अफ्रीका




पूर्व दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा है कि भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका दूसरे टेस्ट के पहले दिन आखिरी क्षणों में दो विकेट गंवाने से थोड़ा निराश होगा। मेरा मानना है कि दक्षिण अफ्रीका अपनी पोजीशन से काफी खुश होगा, हालांकि दिन के आखिर में दो विकेट गंवाने से वे थोड़ा निराश होंगे। नई बॉल खेल में आई और इंडिया करीब 40 रन की अहम पार्टनरशिप तोड़ने में कामयाब रहा। कोलकाता की पिच के उलट, जहां अक्सर विकेट गिरते थे, गुवाहाटी की इस विकेट पर सब्र और लगातार प्रेशर की जरूरत थी।

## एक नजर में



### सोटोमेयर ने नीरज चोपड़ा की तारीफ की

**नयी दिल्ली.** क्यूबा के महान ऊंची कूद एथलीट जेवियर सोटोमेयर ने भारत के गोल्डन ब्वाय नीरज चोपड़ा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके कारनामों ने भारत में जैवलिन को इतना महत्त्व दिला दिया है कि अब उन्हें अपने ही देश के खिलाड़ियों से मुकाबला करना पड़ रहा है। शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में एकाम्रा स्पोर्ट्स लिटरेचर फेस्टिवल के मौके पर 'यूनीवार्ता' के साथ एक खास बातचीत में, सोटोमेयर, जो अब तक 8 फ़ीट से ज़्यादा ऊंची छलांग लगाने वाले एकमात्र ऊंची कूद एथलीट हैं, ने कहा, 'मैं भारतीय जैवलिन थ्रोअर नीरज (चोपड़ा) की प्रशंसा करता हूं। जिस स्तर तक वह पहुंचे हैं, उसके लिए पूरे क्यूबा में उनका सम्मान है। उनकी वजह से भारत में इतने सारे लोग इस खेल (जेवलिन थ्रो) को अपना रहे हैं कि अब देश में उनके लिए अच्छा कॉम्पिटिशन है।' नीरज चोपड़ा आज तक भारत के सबसे सफल ट्रैक एंड फील्ड एथलीट हैं। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक जीता और इसके बाद पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता। चोपड़ा ने एक बार डायमंड लीग जीतने के अलावा वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियन गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीता है। बार्सिलोना ओलंपिक 1992 में ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले सोटोमेयर ने 1989 में सैन जुआन, प्यूर्टो रिको में सेंट्रल अमेरिकन एंड कैरेबियन चैंपियनशिप में पहली बार आठ फीट की बाधा दो बार पार की। उनकी दूसरी आठ फीट से अधिक की छलांग 1993 में स्पेन के सलामांका में दर्ज की गई थी।

### 14वीं राष्ट्रीय पैरा जूडो स्पर्धा 19 दिसम्बर से

**श्रीगंगानगर.** राजस्थान के श्रीगंगानगर में 14 वीं राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता 19 से 23 दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। राजस्थान ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव मालचंद योगी ने शनिवार को बताया कि प्रतियोगिता में 19 राज्यों के करीब 450 खिलाड़ी, कोच अधिकारी शिरकत करेंगे उन्होंने बताया कि इससे पहले छठी राज्यस्तरीय पैरा जूडो चैंपियनशिप एवं प्रथम राज्यस्तरीय ब्लाइंड एथलेटिक्स सब-जूनियर एवं जूनियर प्रतियोगिताएं भी 18-19 दिसंबर को श्रीगंगानगर में होंगी। इन राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में राजस्थान के 21 जिलों के करीब 250 ब्लाइंड जूड़ो खिलाड़ी शामिल होंगे। इसी चैंपियनशिप के आधार पर चयनित जूडो खिलाड़ी श्रीगंगानगर में होने वाली 14वीं राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### भारत के खिलाफ वापसी करेंगे एनरिच नॉर्टजे


**जोहानसबर्ग.** तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्टजे को अगले महीने भारत के ख़िलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। 2024 टी20 विश्व कप फ़ाइनल के बाद यह पहली बार होगा जब वह दक्षिण अफ्रीका के लिए खेलेंगे। एनरिच नॉर्टजे स्ट्रेस फ्रैक्चर के रिहैब के कारण बाहर थे। हाल ही में उन्होंने टी20 चैलेंज में डॉल्फ़िन के लिए वापसी की है। वह उस टूर्नामेंट में पांच मैच खेल चुके हैं और वर्तमान में विकेट चार्ट पर नौवें स्थान पर हैं। उनका टीम में शामिल होना बताता है कि दक्षिण अफ्रीका अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए उनके चयन पर विचार कर रहा है। नॉर्टजे को भारत में टी20 से पहले खेले जाने वाले वनडे मैचों की टीम में शामिल नहीं किया गया है।

### द गोल्फ फाउंडेशन ने शुरू किया टैलेंट हंट

**नयी दिल्ली.** द गोल्फ़ फ़ाउंडेशन (टीजीएफ) ने अपने देश भर में ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर तबका) टैलेंट हंट 2025-26 के तीसरे एडिशन की घोषणा की, जो भारत की सबसे बड़ी जमीनी गोल्फ-पहचान की पहल है। यह खास तौर पर उन परिवारों के बच्चों को टारगेट करती है जिनकी इनकम 8 लाख रुपये सालाना से कम है, और चाहे वे पहले से कोई भी खेल खेलते हों या खेलने का इरादा रखते हों। टैलेंट हंट प्रोग्राम की घोषणा करते हुए, टीजीएफ के फाउंडर-प्रेसिडेंट, एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट और अर्जुन अवॉर्डी अमित लूथरा ने कहा, 'नेशनल टैलेंट हंट वह जगह है जहां कई चैंपियन अपना सफर शुरू करते हैं। हमारे पार्टनर्स के सपोर्ट से, हम यह पक्का कर सकते हैं कि टैलेंट वाला कोई भी बच्चा - चाहे वह गोल्फ का हो या किसी और खेल का - आगे बढ़ने के मौके से वंचित न रहे।'

# चाउ टिएन चेन को हराकर फाइनल में लक्ष्य सेन

**ऑस्ट्रेलिया ओपन**
- भारतीय शटलर को मिली कड़ी चुनौती
- 1 घंटा 26 मिनट तक चला मुकाबला
- लक्ष्य पहला सेट हारे बाद के दो सेट जीते



**सिडनी, 22 नवंबर भारत के स्टर शटलर लक्ष्य सेन ने शनिवार को शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली।**

आज यहां ओलंपिक पार्क स्पोर्ट्स सेंटर में एक घंटा 26 मिनट तक चले मुकाबले में भारत के शीर्ष रैंक वाले पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य ने दुनिया के छठे नंबर के प्रतिद्वंद्वी चाउ टिएन चेन को 17-21, 24-22, 21-16 से हराने के लिए तीन मैच पॉइंट बचाए। यह चाउ टिएन चेन के खिलाफ आठ मैचों में लक्ष्य की चौथी जीत है। विश्व चैंपियनशिप 2022 के कांस्य पदक विजेता चाउ टिएन चेन ने शुरू में ही लक्ष्य पर दबाव बनाये रखते हुए 4-0 की बढ़त बना ली और फिर लक्ष्य के खिलाफ पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई और लक्ष्य सेन ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए दूसरा गेम 24-22 से अपने नाम किया। सेन ने आखिरी गेम में 7-2 की बढ़त बना ली, जब चाउ टिएन चेन ने मिसफायर करना शुरू कर दिया। भारतीय शटलर ने ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बनाए रखी और अपनी पकड़ कभी ढीली नहीं होने दी और 21-16 से शानदार जीत दर्ज करते हुए 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीजन के अपने दूसरे फाइनल में पहुंच गए।


### बांग्लादेश जीत से चार विकेट दूर

**मीरपुर (बंगलादेश), 22 नवंबर** बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद तैजुल इस्लाम (तीन विकेट) और हसन मुराद (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन 509 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड के दूसरी पारी में 176 के स्कोर पर छह विकेट झटकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली हैं। मैच जीतने के लिए बंगलादेश को चार विकेट और आयरलैंड को 333 रनों की दरदार है। बंगलादेश ने कल के एक विकेट पर 156 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।


## तीसरी बार डेविस कप के फाइनल में इटली

**बोलोग्रा (इटली) 22 नवंबर** शीर्ष खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में माटेओ बेरेटिनी और फ्लेवियो कोबोली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने एकल मुकाबले जीतकर दर्ज कर इटली को डेविस कप टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा दिया है। मैटियो बेरेटिनी और फ्लेवियो कोबोली ने शुक्रवार को 2025 डेविस कप फाइनल 8 सेमीफाइनल राउंड में घरेलू दर्शकों के सामने अपने-अपने एकल मुकाबलों में बेल्जियम को 2-0 से हराकर रविवार को होने वाले फाइनल में पहुंचा दिया।

**बेल्जियम को 2-0 से एकल मुकाबलों में हराया**



बेरेटिनी ने शुरुआती मैच में राफेल कोलिग्नन को 6-3, 6-4 से हराया, उसके बाद कोबोली ने जिजो बर्ग्स को तीन घंटे और चार मिनट में 6-3, 6-7(5), 7-6(15) से हराया, सात मैच अंक बचाए और यह रोमांचक मुकाबला जीत लिया। मैच के बाद कोबोली ने डेविस कप ब्रॉडकास्ट पर कहा, 'इस मैच के बारे में कुछ कहना सच में मुश्किल है। आखिर में मेरा सपना पूरा हुआ, हम फाइनल में हैं। मैंने अपोनेंट के खिलाफ एक शानदार मैच खेला। मैंने अपनी टीम, अपने परिवार, अपने लिए खेला। यह मेरी जिंदगी के सबसे अच्छे दिनों में से एक है।' इटली के कप्तान फिलिपो वोलैंड्री ने कहा, 'एक कप्तान के तौर पर अपने पांच सालों में, मैंने ऐसा कुछ कभी नहीं देखा। लेकिन डेविस कप यही करता है। यह अविश्वसनीय था।




# कीवियों ने किया सूपड़ा साफ

## वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी फिर हुई फेल

**न्यूजीलैंड ने 3- 0 से जीती एक दिवसीय सीरीज**
**मार्क चैपमैन-माइकल ब्रेसवेल ने दिलाई जीत**

**हैमिल्टन, 22 नवंबर.** न्यूजीलैंड ने शनिवार को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में गेंद और बल्ले दोनों विभागों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को चार विकेट से हरा दिया और तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली।

162 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने 32 रन तक तीन विकेट खो दिये थे, लेकिन इसके बाद मार्क चैपमैन और माइकल ब्रेसवेल ने समझदारी भरी और नियंत्रित बल्लेबाजी करते हुए टीम को संकट से बाहर निकाला और उसे जीत की राह पर ला खड़ा किया। न्यूजीलैंड ने 30.3 ओवर में छह विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला आसानी से जीत लिया।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती नज़र आयी और पूरी टीम 36.2 ओवर में सिर्फ 161 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज की ओर से रॉस्टन चेज ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए, जबकि जॉन कैंपबेल (26), शरफेन रदरफोर्ड (19) और खारी पिएर (नाबाद 22) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। बाकी बल्लेबाज क्रीज पर टिक नहीं पाए और टीम लगातार विकेट गंवाती रही। न्यूजीलैंड की ओर से सबसे सफल गेंदबाज रहे मैट हेनरी, जिन्होंने लगातार सही लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाज़ी करते हुए चार विकेट चटकाए और वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी पर शुरुआत से ही दबाव बना दिया। उनके अलावा जेकब डफी और मिचेल सैंटनर ने दो-दो जबकि काइल जेमीसन और जैकरी फॉक्स ने एक-एक विकेट लेकर वेस्टइंडीज की पारी खत्म की।

**टी-20 विश्व कप** | **भारत-पाक के बीच मैच कोलंबो में और भारत अमेरिका के खिलाफ अपना शुरुआती मैच खेलेगा**

# एक ही ग्रुप में रखी गईं भारत और पाकिस्तान की टीमें

**दुबई, 22 नवम्बर. भारत और श्रीलंका, जो अगले साल की शुरुआत में ट्वेंटी20 वर्ल्ड कप के संयुक्त मेजबान हैं, उन्हें अलग-अलग ड्रॉ मिले हैं। टॉप रैंक वाली भारत को, यकीनन, एक आसान क्लस्टर में रखा गया है - कुछ ऐसा जो पाकिस्तान भी क्लेम कर सकता है - लेकिन श्रीलंका शायद उतना लकी महसूस न करे।**

आइलैंड देश (आईसीसी रैंकिंग में नंबर 8) को तीन और फुल-मेंबर टेस्ट खेलने वाली टीमों - ऑस्ट्रेलिया (नंबर 2), ज़िम्बाब्वे (नंबर 11) और आयरलैंड (नंबर 12) - के साथ ओमान (नंबर 20) के साथ ग्रुप में रखा गया है। यह ग्रुप ऑफ डेथ हो सकता है। दूसरी ओर, भारत और पाकिस्तान (नंबर 7) ही अपने ब्रैकेट में टेस्ट खेलने वाले देश हैं, जबकि नीदरलैंड्स (नंबर 13), नामीबिया (नंबर 15) और अमेरिका (नंबर 18) पांच टीमों की लाइनअप को पूरा करते हैं। हर पूल से दो टीमें सुपर आठ स्टेज के लिए क्वालीफाई कर रही हैं, इसलिए चैंपियनशिप के दूसरे वीकेंड - 15 फरवरी को होने वाले अपने ब्लॉकबस्टर मुकाबले में नतीजे चाहे जो भी हों, कट्टर दुश्मनों के लिए अगले राउंड में पहुंचना आसान होना चाहिए।




7 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाली चैंपियनशिप में भारत अपना वर्ल्ड कप कैंपेन अमेरिका के खिलाफ शुरू करेगा, उसके बाद नामीबिया, पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के खिलाफ लीग मैच होंगे। पहले से तय एग्रीमेंट के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान का बड़ा मैच कोलंबो में खेला जाएगा। भारत में मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली और अहमदाबाद ऐसे शहर हैं जो मैचों की मेजबानी करेंगे। श्रीलंका में, कोलंबो के दो इंटरनेशनल ग्राउंड के अलावा कैंडी भी एक वेन्यू होगा। अहमदाबाद में फाइनल होगा. मुंबई और कोलकाता सेमीफाइनल मैचों के लिए लाइन में हैं.

### भारत पहले मुकाबले में द. कोरिया से भिड़ेगा

**इपोह (मलेशिया), 22 नवंबर** पांच बार की चैंपियन भारतीय हॉकी टीम छह साल बाद रविवार से शुरु हो रहे सुल्तान अजलान शाह कप 2025 हॉकी टूर्नामेंट के पहले मुकाबले दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। कल से शुरु हो रहे टूर्नामेंट के 31वें संस्करण में तीन कन्फेडरेशन की छह टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। मलेशियन हॉकी कन्फेडरेशन (एमएचसी) द्वारा आयोजित और इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) द्वारा स्वीकृत, सुल्तान अजलान शाह कप पहली बार 1983 में हुआ था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2019 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। भारत टीम कप्तान संजय की अगुवाई में इस टूर्नामेंट के पहले मैच में तीन बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया से मुकाबला करेगी।